दुखो ने घेर लिया है भक्त तेरा घबराया है

दुखो ने घेर लिया है भक्त तेरा घबराया है
मैया खोल दे दरवाजा तेरा सेवक आया है

तेरे दर दा रस्ता भूला क्या अनहोनी होई,
चारो ओर अन्धेरा छाया माँ आज बचा ले कोई,
तुझे सबने दीन दयालु तारनहार बताया है,
मैया खोल दे दरवाजा........

गहरा ससांर समुन्द्र जीवन नाव पुरानी,
डगमग डगमग डोल रही है सुन ले मात भवानी,
सब पापीयो का बङा तुने पार लगाया है,
मैया खोल दे दरवाजा ....

कर आऐ पाप पुराने माँ अब तो बनो सहाई,
भाई बन्धु कुटुम्भ कबीला सभी ने आँख दिखाई,
अब तेरा सहारा मैया तीनो लोको ने पाया है,
मैया खोल दे दरवाजा.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3043/title/dukho-ne-gher-liya-bhakat-tera-ghabraya-hai-maiyan-khol-de-darwaja-tera-sewak-aya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |